





# नौ रत्न जड़ित गहनों से हुआ युगल किशोर जी का श्रृंगार

## श्री जुगल किशोर मंदिर का निर्माण पन्ना के तत्कालीन बुंदेला नरेश महाराजा हिंदूपत जूदेव ने सन् 1758 से 1778 के बीच करवाया

नवभारत न्यूज

**पन्ना 16 अगस्त। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव भगवान जुगल किशोर मंदिर के लिए खास रूप से मनाया जा रहा है जिसमें मप्र संस्क्रति विभाग द्वारा कृष्ण पर्व का भी आयोजन किया जा रहा है। वहीं जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी का करोड़ों के हीरे और नौरत्न जड़ित गहनों से श्रृंगार किया गया।**

राजशाही जमाने में भगवान को समर्पित किए गए इन भारी भरकम गहनों और मथुरा-वृंदावन से लगाई गई विशेष पोशाक से श्रृंगार के बाद भगवान जुगल किशोर और राधारानी की प्रतिमा का सौंदर्य देखते ही बन रहा था। सदियों पुराने इन गहनों से श्रृंगार के बाद भगवान की एक झलक पाने के लिए लोग लालायित दिखे। दोपहर में आरती और भोग के बाद भगवान के पट श्रद्धालुओं के लिए बंद हुए। मंदिर के पुजारियों ने 3 बजे के बाद भगवान को मथुरा- वृंदावन से लाई गई विशेष पोषक पहनाई और नवरत्न जड़ित गहनों से श्रृंगार किया। समूचे बुंदेलखंड की प्राचीन समय से ही श्री जुगल किशोर भगवान पर गहरी आस्था रही है। इसी



कारण कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर यहां हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं. इसी को देखते हुए जिला प्रशासन और मंदिर समिति द्वारा पूर्व से ही जन्माष्टमी पर्व की तैयारियां की जा रही है। पन्ना को मंदिरों की नगरी कहा जाता है. यहां पर अनेक विश्व विख्यात मंदिर स्थापित हैं, जो सैकड़ों साल पुराने हैं और जिनकी स्थापना पन्ना के राजवंश परिवार द्वारा करवाई गई थी. इसी कारण पन्ना को मिनी वृंदावन भी कहा जाता है. यहां पर पन्ना के आराध्य देव कहे जाने वाले श्री जुगल किशोर जी का विश्व प्रसिद्ध मंदिर है, जहां पर जन्माष्टमी पर्व का आयोजन होता है। जन्माष्टमी पर्व को लेकर कड़ी पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था होगी. वहीं, मंदिर का रंग रोगन, लाइटिंग, साज सज्जा, महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था की गयी है। जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार से कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े और सभी लोग आराम से भगवान के दर्शन कर सकें. इस दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचने हैं, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बताया जाता है कि श्री जुगल किशोर मंदिर का निर्माण पन्ना के तत्कालीन बुंदेला नरेश महाराजा हिंदूपत जूदेव द्वारा सन 1758 से 1778 के बीच करवाया गया था. यह मंदिर बुंदेली स्थापत्य कला का अनूठा नमूना है।

मथुरा-वृंदावन से मंगवाए वस्त्रः- मिनी वृंदावन कहे जाने वाली नगरी पन्ना में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के लिए मथुरा-वृंदावन से भगवान के लिए वस्त्र और श्रृंगार सामग्री मंगवाई गई थी लेकिन पोशाक तैयार पन्ना में ही की गयी।

### एक पखवाड़े से चल रही थीं तैयारियां

जन्माष्टमी महोत्सव के लिए भगवान जुगल किशोर मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। दूर से ही मंदिर का सौंदर्य निहारते ही बन रहा है। दिनभर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। रात में प्रकटोत्सव के समय इस कदर भीड़ थी कि मंदिर के अंदर पहुंचना दूर की बात थी।

### मुकुट में हीरा जड़ित कलगी, पन्ना और नौ रत्न जड़ित ब्रेसलेट

सदियों पुराने गहनों से श्रृंगार के बाद भगवान का सौंदर्य देखते ही बन रहा था। भगवान के मुकुट में हीरे जड़ित कलगी लगाई गई. भगवान श्री युगल किशोर जी को हीरा जडित सोने की मुरली धारण कराई गई। हीरा जड़ित दो सोने के बाजूबंद पहनाए गए। दो ब्रेसलेट पहनाए गए इन ब्रेसलेट में एक में पन्ना रत्न जड़ा है तो दूसरे में सोने के बेस में नवरत्न जड़े हैं। राधारानी को हीरा जड़ित 14 ग्राम वजन की बंदी, साढ़े 13 ग्राम से अधिक हीरा जड़ित सोने की नथ, 90 ग्राम सोने की एक जोड़ी सोने की पायल, नवरत्न जड़ित मोती की माला और दो नग बाजूबंद पहनाकर श्रृंगार किया गया।



# अमानगंज में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

नवभारत न्यूज

**अमानगंज/पन्ना 16 अगस्त। पूरे देश के साथ-साथ, नगर अमानगंज में भी 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर, नगर का हर कोना देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया। स्वतंत्रता दिवस समारोह का मुख्य कार्यक्रम सुबह 9 बजे, नगर पालिका भवन के प्रांगण में हुआ।**

नगर के वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिस प्रशासन और स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी में, नगर परिषद अध्यक्ष श्री मति सारिका खटीक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

इस दौरान, जन-गण-मन की धुन के साथ सभी ने तिरंगे को सलामी दी, जिससे वातावरण में देशभक्ति की लहर दौड़ गई। नगर अध्यक्ष ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम के महान नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में स्थानीय स्कूलों के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। देशभक्ति गीतों पर आधारित नृत्य, नाटक और कविता पाठ ने दर्शकों का मन मोह लिया।

# कोतवाली थाना बना आईएसओ स्तर की गुणवत्ता मानकों से प्रमाणित थाना

नवभारत न्यूज

**पन्ना 16 अगस्त। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा के कुशल मार्गदर्शन में, पन्ना पुलिस का कोतवाली थाना अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता मानकों से प्रमाणित होकर आईएसओ 9001:2015 क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला जिला का प्रमुख थाना बन गया है।**

यह सम्मान क्वालिटी रिसर्च ऑर्गनाइजेश तथा आईएएफ जैसी अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त संस्थाओं के सहयोग से प्रदान किया गया है। इस प्रमाण पत्र का अर्थ है कि कोतवाली पुलिस थाना अब अपनी कानून व्यवस्था, सामुदायिक सेवा, ट्रैफिक नियंत्रण एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं में उत्कृष्ट वैश्विक मानकों के अनुसार कार्य कर रहा है।




पुलिस अधीक्षक पन्ना के नेतृत्व में थाने की कार्यशैली में पारदर्शिता, सेवा की गुणवत्ता एवं नागरिक सहभागिता को प्राथमिकता दी गई, जिसका परिणाम यह उपलब्धि है। पुलिस अधीक्षक पन्ना ने इस उपलब्धि पर कहा कि यह सम्मान समस्त पुलिसकर्मियों की निष्ठा, लगन और टीम वर्क का परिणाम है। हमने नागरिक केंद्रित, पारदर्शी और जिम्मेदार पुलिसिंग के संकल्प को सुदृढ़ किया है। मैं समस्त टीम को बधाई देता हूँ और नागरिकों के सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूँ।

# जेके सीमेंट में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

नवभारत न्यूज

**पन्ना 16 अगस्त। गत 15 अगस्त को जेके सीमेंट पन्ना इकाई द्वारा स्वतंत्रता दिवस का आयोजन अत्यंत गरिमामय ढंग से किया गया। इस अवसर पर इकाई प्रमुख कपिल अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने जेके सीमेंट के संस्थापकों की सोच को साझा करते हुए कहा कोई भी उद्योग तब तक सच्ची प्रगति नहीं कर सकता जब तक उसके आसपास के लोगों का समग्र विकास न हो। जेके सीमेंट पन्ना अपने संयंत्र क्षेत्र के आसपास के लोगों के सामाजिक व आर्थिक उत्थान हेतु**



**पूरी तरह समर्पित है।**

**उत्पादन क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धिः-** वर्तमान में जेके सीमेंट पन्ना संयंत्र की उत्पादन क्षमता 3.3 मिलियन टन प्रतिवर्ष है। आगामी महीनों में द्वितीय निर्माण पंक्ति के पूर्ण होते ही, यह संयंत्र 7 मिलियन टन से अधिक उत्पादन क्षमता प्राप्त कर लेगा। यह मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा एकल परिसर में स्थित क्लिंकर निर्माण संयंत्र बन जाएगा। तकनीकी शिक्षा की दिशा में सशक्त पहल नवीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जेके सीमेंट द्वारा पन्ना जिले में एक नवीन एवं अत्याधुनिक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का शुभारंभ किया गया है। यह संस्थान आधुनिक प्रयोगशालाओं से युक्त है, तथा इसमें 140 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न आधुनिक व्यवसायों में प्रवेश लिया है। यह क्षेत्र का सबसे उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान बनकर उभर रहा है। इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांस्कृतिक गीत, मार्शल आर्ट, व्यायामकला व अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### कर्मचारियों को सम्मानित कर बढ़ाया उत्साह

इकाई प्रमुख कपिल अग्रवाल ने समारोह के अवसर पर उन सुरक्षा कर्मियों एवं अन्य कर्मचारियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया, जिन्होंने असाधारण कार्य निष्पादन किया अथवा नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। यह सम्मान कर्मचारियों के मनोबल को और अधिक सशक्त करेगा। शिक्षा के क्षेत्र में विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद गतिविधियों का प्रोत्साहन स्वास्थ्य सेवाओं हेतु मोबाइल चिकित्सा इकाई द्वारा सेवा प्रदान की जा रही है। जेके सीमेंट पन्ना का यह आयोजन न केवल देशभक्ति का प्रतीक बना, बल्कि यह भी दर्शाता है कि उद्योग यदि समाज के साथ मिलकर कार्य करे, तो समग्र विकास संभव है।

# स्वतंत्रता दिवस में अधीक्षण अभियंता को मिला बेस्ट ओएंडएम सर्किल अवार्ड

नवभारत न्यूज

**पन्ना 16 अगस्त। पूरे देश में स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय पर्व पर सम्मानित किया गया।**

इसी क्रम में मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में भी राष्ट्रीय पर्व बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमे म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. पन्ना वृत एवं विद्युत परिवार पन्ना द्वारा स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जिसमे कार्यपालन अभियंता अमितेश कुमार मिश्रा





द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तत्पश्चात उत्कृष्ट कार्य करने वालों अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.पन्ना के अधीक्षण अभियंता प्रमोद कुमार गेडाम को बेस्ट ओ. एंड. एम. सर्किल अवार्ड से मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर द्वारा निम्न लदाव उपभोक्ताओं के राजस्व संग्रहण श्रेणी में पिछले वर्ष की तुलना में 30.73 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करने पर प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया इस प्रशस्ति पत्र के प्राप्त होने से पन्ना विद्युत विभाग परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई साथ ही अन्य अधिकारी कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।इसी क्रम में कार्यपालन अभियंता अमितेश कुमार मिश्रा द्वारा भी पन्ना वृत स्तर पर एवं संभागीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वालों में के. एस.घोषी सहायक अभियंता उप संभाग पन्ना,अमरदीप सिंह परिहार कनिष्ठ अभियंता अजयगढ़, उमेश पांडेय कनिष्ठ अभियंता देवेंद्रनगर, कुमारेश मिस्त्री कनिष्ठ अभियंता सिमरिया,अजय प्रजापति कनिष्ठ अभियंता शाहनगर शामिल रहे।

## 26 वर्षीय युवक ने लगाई फांसी

गुनौर/पन्ना 16 अगस्त। गुनौर थाना अंतर्गत ग्राम पड़ेरी निवासी लक्ष्मी सेन पिता राजकुमार सेन उम्र लगभग 26 वर्ष ने आज लगभग 10 बजे सुबह अपने ही घर पड़ेरी में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। प्राप्त जानकारी अनुसार आज से लगभग 3 वर्ष पूर्व लक्ष्मी की शादी हुई थी शादी के बाद से ही विवाहित पत्नी से विवाद चल रहा था। पति पत्नी का विवाद इतना बढ़ा कि विवाद आज भी न्यायालय में विचाराधीन है। फिलहाल जो भी कारण हो अभी आत्महत्या के कारणो का पता नहीं चला है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है एवं मामले को विवेचना में लिया है।

# सलेहा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस





नवभारत न्यूज

**सलेहा/पन्ना 16 अगस्त। सलेहा नगर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस की 79 वी वर्षगांठ के अवसर पर सलेहा नगर में संचालित सभी विद्यालयों के छात्र तिरंगा झंडा लेकर राष्ट्रभक्ति के गीत गाते अमर शहीदों के नारों का उदघोष करते हुए ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचे।**

ग्राम पंचायत सलेहा सरपंच रेखा बाई द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस दौरान नगर में संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के तिरंगा झंडा तथा विद्यालय के छात्र , पंचायत सचिव , नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि ,समाजसेवी शिक्षक, पत्रकार सहित, सहायक कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस थाना परिसर में पुलिस कर्मचारियों द्वारा तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया, उपस्थित श्रोताओं द्वारा छात्रों को पुरस्कार स्वरूप राशि प्रदान की गई ।सलेहा क्षेत्र से जुडी़ ग्राम पंचायतों में गंज सरपंच कल्पना शर्मा ,ग्राम पंचायत नचने में चंद्रवती विश्वकर्मा, ग्राम पंचायत नयागांव में चन्द्र ज्योति पांडे, धरवारा सरपंच मल्लू आदिवासी, ग्राम पंचायत कुलगवां मड़ैयन सरपंच कमलेश यादव ,ग्राम पंचायत भुलगवां सरपंच शीला बाई दहायत, ग्राम पंचायत छिजौरा सरपंच शशि सिंह, ग्राम पंचायत कठवरिया में सरपंच राम प्रकाश,ग्राम पंचायत माल्हन में प्रीति द्विवेदी सरपंच, ग्राम पंचायत हरीरा रानी बाई,ग्राम पंचायत भितरी मुटमुरू सरपंच राम कुंवर यादव, ग्राम भटिया अनु उर्फ अंजुम बानो सरपंच , ग्राम पंचायत मानिकपुर बृजेश तिवारी सरपंच द्वारा ग्राम पंचायतों में ध्वजारोहण किया गया ,आर एन पब्लिक स्कूल कठवरिया में रामानुजन अवस्थी, शा हाई स्कूल कठवरिया में प्राचार्य सोनी जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

### सलेहा हायर सेकंडरी विद्यालय में हुआ ध्वजारोहण

सलेहा नगर में संचालित एकमात्र शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में अध्यनरत छात्रों द्वारा विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण, राष्ट्रीय गीत सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, सहभागी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

# गुनौर में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

नवभारत न्यूज

**गुनौर/पन्ना 16 अगस्त। जनपद पंचायत गुनौर के तत्वाधान में स्टेडियम मैदान में 79वां स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपद पंचायत की अध्यक्ष जलसी बाई द्वारा ध्वजारोहण किया गया।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद गुनौर की अध्यक्ष अर्चना सिंह ने की एसडीएम रामनिवास चैधरी ने के द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया एवं सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन खंड पंचायत अधिकारी एसएन गर्ग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर के विद्यालयों ने सम्मिलित हो सास्कृतिक प्रस्तुतियां दी। विद्यार्थियों द्वारा दी गई आकर्षक प्रस्तुतियां एवं मार्च पास उपस्थित जन समुदाय के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय प्रमुखों एवं छात्रों को



शील्ड देकर सम्मानित किया गया माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा 2025 में सम्मिलित होकर प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र राज सिंह राजपूत पिता इंद्रपाल सिंह राजपूत को शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा भेजा गया प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नगर की संस्थाओं के प्रमुख, जनप्रतिनिधि, तहसीलदार, एसडीएम, सीएमओ, सीईओ, प्राचार्य, गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों, सुरक्षा बल सहित विद्यार्थी एवं सामान्य जन उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों को स्थानीय प्रशासन किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 16 अगस्त। 15 अगस्त के अवसर पर शासन के दिशा निर्देशों के मुताबिक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जो हो उनको मुख्य समारोह में सम्मान से बुलाया जाए या उनके उत्तराधिकारियों को मुख्य समारोह में आमंत्रित किया जाए अगर वह किसी कारण से मुख्य समारोह में नहीं पहुंच पा रहे हैं।**

उनके बारिशों को उनके घर पहुंच कर सम्मानित किया जाए इसी के तहत एसडीएम आलोक मार्को मुख्य समारोह सम्पन्न होने के बाद एसडीएम तहसीलदार सुंदरलाल विश्वकर्मा गडरपुर रोड स्थित उनके आवास पहुंचे एवं उनके वारिस को शाल श्रीफल से सम्मानित किया उसके पश्चात



पुरानी कोतवाली के पास ज्ञानचंद जैन के घर पहुंचे और उनकी पत्नी को भी शाल श्रीफल फल से सम्मानित किया उसके पश्चात तहसील रोड स्थित देवी दयाल सिंह चैहान के घर भी अधिकारी पहुंचे और उनकी पत्नी को शाल श्रीफल से सम्मानित किया जयस्तंभ चैक स्थित देवी दयाल पाठक के बारिशों को भी शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया।

## कलेही मंदिर प्रांगण में ध्वजारोहण व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ

पवई/पन्ना 16 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस की पावन बेला पर आज कलेही मंदिर प्रांगण में नगर पालिका पवई व जनपद पंचायत पवई के तत्वाधान में सामूहिक ध्वजारोहण कार्यक्रम उत्साह व गरिमा के साथ संपन्न हुआ। प्रातः 9.00 बजे जनपद अध्यक्ष पवई मोहिनी आनंद मिश्रा ने तिरंगा फहराकर राज्यपाल का संदेश वाचन किया। संदेशवाचन उपरांत नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। साथ ही नगर के विभिन्न संस्थानों में समयानुसार तिरंगा फहराया गया। विद्यालयों के बीच आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिता में उच्चतर खंड में सांदीपनि विद्यालय पवई प्रथम, हनुमान बाल मंदिर विद्यालय पवई द्वितीय और शासकीय कन्या विद्यालय पवई तृतीय स्थान पर रहे।

# स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण



नवभारत न्यूज

**पन्ना 16 अगस्त। देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को जिले में भी हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं कलेक्टर सुरेश कुमार ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान राष्ट्रगान की धुन बजाई गई।**

ध्वजारोहण के पश्चात कलेक्टर श्री कुमार ने खुली जिप्सी में पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा के साथ परेड का निरीक्षण किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा उन्मुक्त गगन में गुब्बारे छोड़े गए। समारोह में परेड की विभिन्न टुकड़ियों द्वारा पुलिस बैण्ड की सुमधुर ध्वनि के बीच आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रजातंत्र रक्षकों का सम्मान भी हुआ। मुख्य अतिथि ने परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया।

**उत्कृष्ट विद्यालय एवं सरस्वती स्कूल को मिला प्रथम स्थानः-** सांस्कृतिक कार्यक्रम के सीनियर वर्ग में शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय क्रमांक 1 पन्ना को प्रथम, सांदीपनि विद्यालय पन्ना को द्वितीय और महर्षि विद्या मंदिर उ.मा. विद्यालय पन्ना को तृतीय स्थान मिला। इसी तरह जूनियर वर्ग में सरस्वती उ.मा. विद्यालय पन्ना को प्रथम, ब्लू स्काई स्कूल पन्ना को द्वितीय और लिस्यू आनंद विद्यालय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सशस्त्र बल परेड वर्ग में जिला पुलिस बल पुरूष की टुकड़ी को प्रथम, विशेष सशस्त्र बल की 10वीं वाहिनी को द्वितीय और होमगार्ड की टुकड़ी को तृतीय स्थान मिला। इसी तरह गैर शस्त्र परेड के सीनियर वर्ग में वन विभाग उत्तर वन मंडल की टुकड़ी को प्रथम, शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना की एनसीसी टुकड़ी को द्वितीय एवं एनसीसी सीनियर महिला टुकड़ी को तृतीय स्थान मिला।

### लाइव टेलीकास्ट के जरिए सुना मुख्यमंत्री का संदेश

शासन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में पहली बार एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री जी के संदेश के लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान सुबह 9.25 बजे से 9.55 बजे तक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन को उपस्थितजनों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर देखा एवं सुना गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं जिला कलेक्टर द्वारा अपने संक्षिप्त उद्बोधन में जिलेवासियों को आजादी के पर्व की बधाई दी गई। कलेक्टर ने कहा कि हम विकसित जिले की संकल्पना के साथ आगे बढ़ रहे हैं और निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि जिले में केन बेतवा लिंक परियोजना के फलीभूत होने से पर्याप्त पेयजल के साथ सिंचाई सुविधा भी सुलभ होगी।